कार्यालय प्रधानाचार्य :: राजकीय मेडिकल कालेज :: जालौन (उरई)।

संख्या /अधि0–2/रा0मे0का0/2026 दिनांकः–08/07/2026

कार्यालय ज्ञाप

राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) में रोगीहित/जनहित के दृष्टिगत सीनियर रेजीडेन्ट के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों/रिक्त होने वाले पदों पर चयन साक्षात्कार (वॉक इन इण्टरव्यू) पद्धति से दिनांकः– 23/07/2026 (दिन–गुरूवार) को प्रातः 10:00 बजे से 03:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा, इसके उपरान्त रिक्त बचे सीनियर रेजीडेण्ट के पदों पर नियुक्ति किये जाने की प्रक्रिया प्रत्येक मंगलवार को वॉक इन इण्टरव्यू के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी रिक्त पदों पर साक्षात्कार (वॉक इन इण्टरव्यू) हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ–साथ शैक्षिक/अनुभव/आधार कार्ड/पैन कार्ड, दो फोटो तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों की छायाप्रतियों का एक सेट बायोडाटा सहित समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। चयन के संबंध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा।

साक्षात्कार स्थान– केन्द्रीय पुस्तकालय स्थित सभागार, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई)।

संविदा पर चयन हेतु 100 प्वाइंट रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों की स्थिति

क्र0 सं0	विभाग का नाम	सीनियर रेजीडेन्ट की रिक्त सीटो का विवरण
1	आफ्थाल्मोलॉजी	1 (Sc-1)
2	एनेस्थीसियोलॉजी	3 (Obc-2, Ews-1)
3	ओटो राइनो लैरिंगोलॉजी	1 (Obc-1)
4	जनरल मेडिसिन	3 (Gen-1, Obc-2)
5	जनरल सर्जरी	3 (Gen-1, Sc-1, Ews-1)
6	फिजिकल मेडिसिन एण्ड रिहैबिलटेशन	1 (Obc-1)
7	रेडियो–डाग्नोसिस	4 (Gen-1, Obc-1, sc-1, Ews-1)
8	रेडियो–थेरेपी	1 (Sc-1)
9	साइकियेट्री	1 (Obc-1)

नियुक्ति की शर्ते निम्नवत् है–

1. सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर चयन हेतु पात्रता का निर्धारण एन0एम0सी0 मानकों के आधार पर किया जयेगा।
2. आवेदक को एन0एम0सी0/मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल काउन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना अनिवार्य है।
3. अभ्यर्थियों का चयन अर्हता परीक्षा के प्राप्तांको एवं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांको के आधार पर मेरिट से किया जायेगा।
4. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।
5. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है।
6. हाईस्कूल प्रमाण पत्र (जन्म तिथि सत्यापन हेतु)।
7. पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है।
8. उक्त पदों पर शासन के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।
9. जो अभ्यर्थी राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) एवं अन्य किसी मेडिकल कालेज में सीनियर रेजीडेन्ट के रूप में 03 वर्ष कार्य कर चुके हैं, उन्हें साक्षात्कार हेतु अनुमन्यता प्रदान नहीं की जायेगी।
10. यदि अभ्यर्थी पूर्व से ही किसी संस्थान में कार्यरत है, तो साक्षात्कार हेतु सम्बन्धित संस्थान से Experience/Relieving letter/NOC लेकर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
11. सीनियर रेजीडेन्ट के पदों हेतु अभ्यर्थियों की आयु सीमा अधिकतम 45 वर्ष तक ही अनुमन्य है।

प्रधानाचार्य
रा0मे0का0, जालौन (उरई)।

संख्या 1511 /तद्दिनांक..............

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

2– नोटिस बोर्ड, मेडिकल कालेज, आगरा, मेरठ, झांसी, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, कन्नौज, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, सहारनपुर, बांदा।

3– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई)।

4— समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई)।

5— समस्त सदस्य, साक्षात्कार समिति, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई)।

6— प्रभारी अधिकारी बेवसाइट, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

7— नोटिस बोर्ड चस्पा हेतु।

08/07/26

प्रधानाचार्य

रा0मे0का0, जालौन (उरई)।